कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College code : 1602

दुर्ग, दिनांक 03.06.2024

/शासकीय कन्या महाविद्यालय में साईकिल दिवस मनाया गया/

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में ''विश्व साईकिल दिवस'' मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि साईकिल पुराने समय में मनुष्य के जीवन का अहम हिस्सा रही है। आधुनिकता ने साईकिल चलाने वाले की संख्या कम कर दी, परंतु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों ने साईकिल चलाना विगत चार वर्षों से पुनः आरंभ कर दिया है। अगर हम 4–5 किमी0 की दूरी के अपने काम को साईकिल चलाकर करें तो स्वस्थ भी रहेंगे और पर्यावरण को भी प्रदूषित होने से बचा पायेंगे।

प्राचार्य महोदय ने कैम्पस में छात्राओं के साथ साईकिल चलाकर आनंद लिया। डॉ0 ऋतु दुबे, क्रीडाधिकारी ने बताया कि कन्या महाविद्यालय की लगभग 1200 छात्राओं एवं कर्मचारी साईकिल का उपयोग करते हैं। इस अवसर पर भूमिका उपाध्याय, हीना, सुषमा, निशा भोई, नीलम सोनकर, लाईबा, लीना, शिखा, खिलेश्वरी सिन्हा, श्रुति आदित्य, काजल ठावरे, रिया तिवारी आदि छात्राऐं जो दैनिक जीवन में एवं महाविद्यालय आने हेतु साईकिल का उपयोग करती हैं, ने साईकिल चलाया और अन्य छात्राओं को स्कूटी के स्थान पर साईकिल चलाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय क्रीडा समिति के सदस्य डॉ0 ऋचा ठाकुर, श्री जागृत ठाकुर, श्री विमल यादव एवं छात्राऐं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

D/H/RITU/LETTER